मारपीट के दोषियों को एक वर्ष का साधारण कारावास

जासं • श्रावस्ती : मारने-पीटने व जान से मारने की धमकी देने के दो दोषियों को न्यायालय ने एक-एक वर्ष के साधारण कारावास की सजा सुनाई है। एक-एक हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

अभियोजन अधिकारी किसलय पांडेय ने बताया कि मारने-पीटने व जान से मारने की धमकी देने के दोषी गिलौला क्षेत्र के भींगुरी गांव निवासी राधेश्याम उर्फ वेदप्रकाश मिश्रा व नंदकुमार को मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में एसीजेएम विश्वजीत सिंह ने सजा सुनाई है।

पंचायत उपचुनाव में प्रधान पद के लिए पड़े 53.13 फीसद वोट

प्रधान पद के लिए हरिहरपुररानी के परशुरामपुर में हुआ मतदान

संसू, जागरण • श्रावस्ती : त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव के तहत हरिहरपुररानी ब्लाक के परशुरामपुर गांव में ग्राम प्रधान के रिक्त पद के लिए बुधवार को वोट डाले गए। सुबह गुलाबी ठंड के बीच शुरू हुए मतदान में मतदाताओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। 3,849 मतदाताओं में 2,045 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। डीएम अजय कुमार द्विवेदी व एसपी घनश्याम चौरसिया ने मतदान केंद्र पर पहुंच कर व्यवस्था का जायजा।

परशुरामपुर में मतदान केंद्र पर चल रही मतदान प्रक्रिया का जायजा लेते डीएम अजय कुमार द्विवेदी (दाएं) व एसपी घनश्याम चौरसिया (मध्य में) • जागरण

परशुरामपुर गांव की ग्राम प्रधान सुषमा देवी की मृत्यु के बाद यहां के प्रधान का पद रिक्त था। इसके लिए विमला देवी व रेखा देवी ने नामांकन कराया था। सुबह गुलाबी ठंड के बीच आठ बजे से मतदान शुरू हुआ। इस दौरान बूथ पर मतदाताओं की कतार लग गई। उत्साह के साथ लोग वोट डालने के लिए घरों से निकले। चुनाव जीतने के लिए दोनों प्रत्याशी अपने मतदाताओं का शत-प्रतिशत वोट डलवाने के लिए संघर्ष करते रहे। इस दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए। इसके लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। मतदान केंद्र के सौ मीटर के दायरे में किसी भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश पूरी तरह वर्जित किया गया था। इस दौरान 53.13 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले।

कल होगी मतगणना

उपचुनाव के मतों की गणना हरिहरपुररानी ब्लाक में 21 फरवरी को की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि सुबह आठ बजे से मतगणना की जाएगी। इसके लिए अधिकारियों की इयूटी लगाई है।

विभूतिनाथ चौकी पर बैठक करते एसपी। स्रोत पुलिस विभाग

महाशिवरात्रि को लेकर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

संवाद न्यूज एजेंसी

श्रावस्ती। महाशिवरात्रि पर्व को लेकर मंगलवार रात एसपी ने विभूतिनाथ मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विभूतिनाथ चौकी पर मातहतों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए।

एसपी घनश्याम चौरसिया ने मंदिर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही सीसीटीवी कैमरों की स्थिति, प्रवेश व निकासी मार्गों, पार्किंग व्यवस्था और श्रद्धालुओं की सुगम आवाजाही के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा की। सुरक्षा में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इसके बाद उन्होंने स्थानीय प्रशासन व मंदिर प्रबंधन के साथ संवाद कर व्यवस्था की रूपरेखा तय की। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए पुलिस बल की अतिरिक्त तैनाती, बैरिकेडिंग, ट्रैफिक प्रबंधन और विशेष सतर्कता बरती जाएगी।

साथ ही, ड्रोन कैमरों व सादे वस्त्रों में पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। आमजन से अपील करते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस का सहयोग करें, संदिग्ध व्यक्तियों या वस्तुओं की सूचना तुरंत पुलिस को दें।